# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- ecupjnrfarrukhabad@gmail.com

पत्रांक 5131 / का0वि / 178 दिनांक 11-8-26

सेवा में,
मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "नगला केवल में दो साल से पानी की टंकी अधूरीः राजेपुर में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कें टूटीं, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के अंक में प्रकाशित खबर **"नगला केवल में दो साल से पानी की टंकी अधूरीः राजेपुर में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कें टूटीं, ग्रामीण परेशान"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–02 ) के अन्तर्गत पेयजल योजना के निर्माण कार्य कराये जा रहे है ग्राम नगला केवल विकासखण्ड–राजेपुर में उच्च जलाशय 65 प्रतिशत पूर्ण, 6772 मी0 प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1987 मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण, 441 नग प्रस्तावित गृहजलसंयोजन के सापेक्ष 110 नग गृहजलसंयोजन दिये गये है, ग्राम में ट्रायल टेस्टिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा उक्त ग्राम में 60 प्रतिशत् रोडरेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

अतः उक्त ग्राम में वितरण प्रणाली बिछाई जाने के दौरान तोड़ी/काटी गई अवशेष सड़को/गलियों की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा समस्त ग्राम में अवशाष कार्यो को पूर्ण करने एवं समस्त ग्राम में नियमित जलापूर्ति सुचारू करने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित।**
**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**
1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

dletter I.E 4

Scanned with OKEN Scanner

# नगला केवल में दो साल से पानी की टंकी अधूरी: राजेपुर में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कें टूटीं, ग्रामीण परेशान

अतुल कुमार | दहेलिया(अमृतपुर ),
फर्रुखाबाद
5 दिन पहले



फर्रुखाबाद के राजेपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत नगला केवल में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी का निर्माण पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा है। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान गांव की मुख्य सीसी रोड और गलियों को तोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के लिए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पाइपलाइन बिछाने का कार्य तो किया गया, लेकिन जल शोधन और आपूर्ति प्रणाली पूरी नहीं हो सकी है। गांव में पानी की टंकी का ढांचा अधूरा खड़ा है। टंकी का काम पूरा न होने के कारण बिछाई गई पाइपलाइन में अभी तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। पाइपलाइन बिछाने के लिए ठेकेदारों ने गांव की नई सीसी रोड और गलियों की खुदाई कर दी थी। काम पूरा होने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे वे बदहाल हो गई हैं। गलियों में गड्ढे और मलबा फैलने से पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। बारिश के दौरान जलभराव से स्थिति और बिगड़ जाती है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि सड़कों को दुरुस्त कराने की जिम्मेदारी जल निगम की है। वहीं, जल निगम के अधिकारियों का कहना है कि ठेकेदार कंपनी ने काम पूरा नहीं किया है, जिसके कारण शासन ने उसका भुगतान रोक दिया है।

Scanned with OKEN Scanner